# हरियाणा में नकली शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़, अंबाला पुलिस ने की कार्रवाई, भारी मात्रा में नकली शराब बरामद - FAKE LIQUOR FACTORY IN AMBALA



**अंबाला:** हरियाणा के अंबाला जिले के शहजादपुर में पुलिस ने एक नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. ये फैक्ट्री मुख्यमंत्री के गृह जिले नारायणगढ़ के शहजादपुर क्षेत्र में संचालित हो रही थी. गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने देर रात छापेमारी कर फैक्ट्री में काम कर रहे लोगों को हिरासत में लिया और भारी मात्रा में नकली शराब, स्पिरिट, बोतलों के ढक्कन, लेबल और पैकिंग सामग्री जब्त की. इस कार्रवाई में अंबाला पुलिस के साथ एक्साइज विभाग ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

**पुलिस को मिली गुप्त सूचना:** शहजादपुर थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि क्षेत्र में एक नकली शराब फैक्ट्री अवैध रूप से चल रही है, जो हरियाणा और पंजाब में देसी शराब के नकली ब्रांड बनाकर सप्लाई कर रही है. सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत टीमें गठित कीं और रात के समय छापेमारी की. मौके पर पुलिस ने कई युवकों को हिरासत में लिया, जो फैक्ट्री में शराब की बोतलों पर नकली लेबल चिपकाने और उन्हें पैक करने का काम कर रहे थे. पुलिस ने तत्काल इसकी जानकारी एक्साइज विभाग को दी.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/fake-liquor-factory-in-ambala-shahzadpur-police-raid-on-liquor-factory-haryana-news-hrs25050101832